an>

Title: Need to start work on Battisa Nala Project for providing irrigation and drinking water facilities to people in Sirohi district, Rajasthan.

**श्री देवजी एम. पटेल (जालौर)** ः सिरोही में प्रतिवर्ष वर्षा के घटते स्तर के कारण जिले में भूजल स्रोतों के जल उत्पादन में कमी आ रही है। जल स्तर में कमी आने के कारण पेयजल की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। वही सिरोही जिला डार्कजोन घोषित है। इन दिनों सर्दियों में ही सिरोही जिले में पेयजल की समस्या शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में पेयजल की समस्या और जटिल होती जाएगी। गर्मियों के दिनों में तो हालात बहुत ही खराब हो जाते हैं। अत्यधिक गर्मी के चलते यहां के सारे ताल-तलैया नाली व पोखर समेत सभी पेजयल स्रोत सूख जाते हैं और जलदाय विभाग की ओर से नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं करने से जिला मुख्यालय, कस्बे समेत क्षेत्र के गांवों में लोगों को पेयजल के लिए दूर-दूर भटकना पड़ता है। इसके अलावा, पानी के अभाव में मवेशियों की हालत भी खस्ता हो जाती है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को पेयजल हेतु दूर-दूर भटकना पड़ता है। यहां भूमिगत पानी का भयंकर अभाव है। यहां के कुएं व हैण्डपम्प आदि में भी पानी की उपलब्धता नहीं के बराबर है। सिरोही जिले की पेयजल और सिंचाई के लिए ग्राम देलदर, तहसील-आबूरोड में बत्तीसा नाला बांध परियोजना प्रस्तावित है। परियोजना का प्रारम्भिक सर्वे कार्य किया जा चुका है। जिसके तहत परियोजना हेतु 659.53 मि.घ.फु. पानी उपलब्ध है। इस परियोजना के पूरा होने से सिरोही जिला के ग्रामीण और क्षेत्र की पेयजल एवं सिंचाई की समस्या से निजात पाई जा सकती है।

अतः मेरा अनुरोध है कि इस क्षेत्र की पेयजल की समस्या को देखते हुए बत्तीसा नाला सिंचाई परियोजना को जल्द से जल्द शुरू करवाने का श्रम करें।